**आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)**
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 गुरूवार** **दिनांक 24.10.2024**

**मुख्य समाचारः—**

1— राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दो दिवसीय प्रवास पर कल रायपुर पहुंचेंगी—एम्स और आईआईटी सहित चार उच्च शैक्षणिक संस्थानों के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी।

2— मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने एक नवंबर को राज्योत्सव के अवसर पर प्रदेशवासियों से अपने घरों में दीप प्रज्जवलित करने की अपील की।

3— रायपुर दक्षिण विधानसभा उप चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने का कल अंतिम दिन—आज तक चौबीस उम्मीदवारों ने दाखिल किए नामांकन।

4— चक्रवाती तूफान **''दाना''** के असर से छत्तीसगढ़ के कुछ जिलों में कल हो सकती हल्की से मध्यम वर्षा।

**राष्ट्रपति प्रवास—तैयारी**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का कल पच्चीस अक्टूबर को दो दिवसीय प्रवास पर रायपुर आगमन होगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राष्ट्रपति कल सुबह ग्यारह बजे रायपुर पहुंचेंगी। इसके बाद वे एम्स रायपुर के द्वितीय दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। दोपहर बाद वे एनआईटी रायपुर के चौदहवें दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। शाम को राष्ट्रपति नवा रायपुर स्थित पुरखौती मुक्तांगन में आदिवासीजनों से मुलाकात करेंगी। अगले दिन यानि छब्बीस अक्टूबर को राष्ट्रपति भिलाई में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान—आईआईटी के चौथे दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। इसी दिन दोपहर बाद वे रायपुर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति चिकित्सा और आयुष विश्वविद्यालय के तीसरे दीक्षांत समारोह में हिस्सा लेंगी। इसके बाद राष्ट्रपति शाम को दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगी। राष्ट्रपति के प्रवास को लेकर राज्यपाल रमेन डेका ने आज राजभवन में तैयारियों की समीक्षा की। इस बीच, आईआईटी भिलाई के डायरेक्टर प्रोफेसर राजीव प्रकाश ने आज भिलाई में आयोजित एक पत्रकारवार्ता में बताया कि छब्बीस अक्टूबर को होने वाले दीक्षांत समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पदक, वहीं, करीब चार सौ विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की जाएगी।

**मुख्यमंत्री—खनिज विकास निधि**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में आज रायपुर स्थित उनके निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ खनिज विकास निधि सलाहकार समिति की बीसवीं बैठक संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न खनिज परियोजनाओं और अधोसंरचना के लिए राशि स्वीकृत की गई। इस दौरान छत्तीसगढ़ रेलवे कार्पोरेशन को डोंगरगढ़—कबीरधाम—मुंगेली—कटघोरा रेलमार्ग के लिए भू—अर्जन और प्रारंभिक निर्माण कार्य के लिए तीन सौ करोड़ रुपए की राशि दिए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई। वहीं, संचालनालय भौमिकी और खनिकर्म के खनिज अन्वेषण, खनिज ब्लॉक नीलामी तथा खानों के आईटी आधारित नियमन के लिए तिरासी करोड़ रुपए की स्वीकृति भी दी गई। बैठक में खनन क्षेत्र में सुधार के लिए विशेषज्ञ संस्थाओं की सेवाएं लेने बीस करोड़ रुपए की अतिरिक्त राशि दिए जाने का निर्णय लिया गया।

**मुख्यमंत्री—अपील**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने एक नवंबर को राज्योत्सव के अवसर पर प्रदेशवासियों से अपने घरों में दीप प्रज्जवलित करने की अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के सभी शहरों और गांवों में लोग एक नवंबर की शाम अपने—अपने घरों में दीप जलाएं। राज्योत्सव के अवसर पर नया रायपुर अटल नगर में दस हजार दीप प्रज्जवलित किए जाएंगे। नया रायपुर स्थित राज्योत्सव स्थल पर चार से छह नवंबर तक राज्योत्सव का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने आज इसकी तैयारियों की समीक्षा की।

## मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार सत्ताईस अक्टूबर को आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ पंद्रहवीं कड़ी होगी। श्रोता इस कार्यक्रम से संबंधित अपने सुझाव टोल फ्री नंबर – **एक आठ शून्य शून्य – एक एक – सात आठ शून्य शून्य** (1800 – 11 – 7800) पर भेज सकते हैं। माई जीओवी नमो एप पर भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। यह सुझाव कल पच्चीस अक्टूबर तक भेजे जा सकते हैं। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी नेटवर्क पर किया जाएगा।

## सुगम ऐप

राज्य सरकार ने संपत्ति संबंधी धोखाधड़ी रोकने और रजिस्ट्री प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी बनाने के लिए **'सुगम ऐप'** लॉन्च किया है। सुगम ऐप लागू किए जाने के बाद से प्रदेश में अब तक बारह सौ से अधिक रजिस्ट्री हो चुकी है। वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने कहा है कि राज्य सरकार रजिस्ट्री कार्य में टेक्नॉलाजिकल अनुप्रयोग और प्रक्रियागत् सुधार की दिशा में प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। **'सुगम ऐप'** के माध्यम से सरकार को राजस्व नुकसान पहुंचाने की घटनाओं को नियंत्रित किया जा सकेगा।

## नामांकन–दाखिल

रायपुर नगर दक्षिण उप चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने का कल अंतिम दिन है। आज कुल बारह नामांकन दाखिल हुए। अब तक इस उप चुनाव के लिए कुल चौबीस उम्मीदवार नामांकन दाखिल कर चुके हैं। नामांकन पत्रों की जांच अट्ठाईस अक्टूबर को की जाएगी। उम्मीदवार तीस अक्टूबर तक अपना नामाकंन वापस ले सकेंगे। गौरतलब है कि भारतीय जनता पार्टी ने सुनील सोनी को और कांग्रेस ने आकाश शर्मा को इस उपचुनाव के लिए अपना प्रत्याशी बनाया है।

## मुख्यमंत्री–क्षेत्रीय संस्कृति महोत्सव

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कल रायपुर के रोहिणीपुरम स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित तीन दिवसीय क्षेत्रीय संस्कृति महोत्सव का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को संस्कारवान् बनाने और भारतीय संस्कृति से जोड़ने में विद्या भारती द्वारा महत्वपूर्ण कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने नई शिक्षा नीति के सफल क्रियान्वयन के लिए सरस्वती शिशु मंदिर में आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था के लिए पचास लाख रुपए देने की घोषणा की। कार्यक्रम को रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने भी संबोधित किया। इस मौके पर उन्होंने खरोरा स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में सांस्कृतिक भवन के निर्माण के लिए बीस लाख रुपए की स्वीकृति दी।

## अरूण साव–कोरबा

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कल कोरबा में अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में विकास कार्यों और शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। उन्होंने शासन की सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम नागरिकों तक प्राथमिकता से पहुंचाने के निर्देश दिए। बैठक में श्री साव ने नशीली, नकली और अवैध दवाइयों की बिक्री पर कड़ाई से प्रतिबंध लगाने को कहा। साथ ही राजस्व न्यायालयों में किसानों की समस्याओं का निराकरण तत्परता से करने के निर्देश दिए। श्री साव कोरबा के दर्री रोड स्थित एक महाविद्यालय में लोकमाता देवी अहिल्या बाई होलकर त्रिशताब्दी जयंती समारोह में भी शामिल हुए। इस बीच, प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण के तहत कोरबा के टीपी नगर में कल आवास मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कोरबा जिले में साठ हजार पक्के मकान बनाए जा चुके हैं।

## योग शिविर

महिला और बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कल रायपुर के तुलसी–बाराडेरा स्थित केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की पैंसठवीं वाहिनी मुख्यालय में तीन दिवसीय योग शिविर का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि दुनिया में योग से बढ़कर कोई शक्ति नहीं है। हर साल इक्कीस जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया जाता है। योगाभ्यास शिविर में जवानों को छत्तीसगढ़ योग आयोग के योग प्रशिक्षकों द्वारा आसन, प्राणायाम, ध्यान और योग के माध्यम से मानसिक तनाव दूर करने तथा शारीरिक, मानसिक स्वास्थ्य लाभ के लिए विशेष योग प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

**मुख्य सचिव–बस्तर ओलंपिक**

मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये बस्तर ओलंपिक की तैयारियों की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को क्षेत्रीय भाषा में विभिन्न प्रचार माध्यमों से इस आयोजन के प्रचार–प्रसार करने के निर्देश दिए। वहीं, आयोजन स्थलों पर व्यापक–व्यवस्थाएं करने और खिलाड़ियों को सभी आवश्यक सुविधा प्रदान करने को कहा। श्री जैन ने बस्तर ओलंपिक में बस्तर संभाग के सभी गांव के युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। गौरतलब है कि बस्तर ओलंपिक के तहत एक से बीस नवंबर तक विकासखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। वहीं, इक्कीस से पच्चीस नंवबर तक जिला स्तरीय और छब्बीस से तीस नवंबर के बीच सभांग स्तरीय प्रतियोगिताएं होंगी। बस्तर ओलंपिक में एथेलेटिक्स, तीरंदाजी, बैडमिंटन, फुटबॉल, हॉकी, वेटलिफ्टिंग, कराटे, कबड्डी, खो–खो, व्हालीबॉल और रस्साकशी जैसे खेलों को शामिल किया गया है।

**चक्रवाती तूफान**

चक्रवाती तूफान **"दाना"** का असर छत्तीसगढ़ के मौसम पर भी पड़ेगा। कल उत्तर और मध्य छत्तीसगढ में अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार उत्तर–पश्चिम और उससे लगे मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना चक्रवाती तूफान **"दाना"** बारह किलोमीटर प्रति घंटे की गति से उत्तर–पश्चिम की ओर बढ़ रहा है। इसके कल सुबह तक पुरी और सागर द्वीप के बीच उत्तर ओडिशा और पश्चिम बंगाल के तट से टकराने की आशंका है। इस दौरान हवा की अधिकतम गति एक सौ दस किलोमीटर प्रति घंटे रहने की संभावना है।

चक्रवाती तूफान दाना का असर छत्तीसगढ़ से होकर गुजरने वाली ट्रेनों पर भी पड़ेगा। इस तूफान के कारण कई ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है।

**संक्षिप्त**

– छत्तीसगढ़ भू–संपदा विनियामक प्राधिकरण–रेरा द्वारा अधिनियम के प्रावधानों के पालन में चूक करने वाले चार सौ बारह बिल्डर्स को नोटिस जारी किया गया है।

– राज्य शासन ने सूरजपुर जिले की शिवनंदनपुर ग्राम पंचायत को नगर पंचायत बनाने की अधिसूचना जारी कर दी है।

– रायपुर में आज से राष्ट्रीय गोल्फ चैंपियनशिप शुरू हो गई। इसमें बीस राज्यों की टीमें हिस्सा ले रही हैं।

– कोरबा में आयोजित शालेय क्रीडा प्रतियोगिता आज संपन्न हो गई। इस प्रतियोगिता में बिलासपुर संभाग ने प्रथम, सरगुजा ने द्वितीय और बस्तर संभाग ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

– गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही में आयोजित राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता मे नारायणपुर स्थित रामकृष्ण मिशन विवेकानंद विद्यापीठ के बारह बच्चों ने पांच स्वर्ण के साथ पन्द्रह पदक जीते हैं।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>